University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
University of Lucknow, Lucknow

Press Note 25 July 2020

लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा आयोजित किये जा रहे डॉक्टर आर.यू. सिंह नेशनल मेमोरियल राइटिंग कम्पटीशन का आज परिणाम घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन विधि संकाय स्थित लखनऊ यूनिवर्सिटी मूट कोर्ट एसोसिएशन द्वारा करवाया जा रहा था। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विधि के छात्रों में वर्तमान की घटनाओं के प्रति विधिक दृष्टिकोण का विकास करना था। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से 75 टीमों (प्रमुखतः जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल, गवर्नमेंट लॉ कॉलेज, राष्ट्रीय विधि विश्विद्यालय असम, सिम्बोसिस लॉ स्कूल नोएडा, दिल्ली विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय विधि विश्विद्यालय नागपुर, महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्विद्यालय, लॉयड लॉ कॉलेज आदि) ने अपने-अपने विधि विश्विद्यालयों का नेतृत्व किया। इस प्रतियोगिता में 30 एक-सदस्यीय टीमें थीं बाकी द्वि-सदस्यीय टीमें थीं। इस प्रतियोगिता का विषय 'बॉयज लॉकर रूम' प्रकरण पर आधारित था। दिए गए छद्म वाद पर प्रतिभागियों को अपने विधिक तर्क लिखित रूप में प्रस्तुत करने थे।

इस प्रतियोगिता की भूमिका एवं उद्देश्य के बारे में विधि संकाय के प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सी.पी. सिंह द्वारा बताया गया। इस प्रतियोगिता के परिणामों की उदघोषणा लखनऊ यूनिवर्सिटी मूट कोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर पंचरिषी देव शर्मा द्वारा की गई। इस प्रतियोगिता में लॉयड लॉ कॉलेज के स्वेक्षा एवं उत्सव प्रथम स्थान पर रहे तथा राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्विद्यालय के सौम्य सिंघल एवं हरिअंक गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहे।

आज के इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण असिस्टेन्ट प्रोफेसर पंचरिषी देव शर्मा द्वारा बताया गया तथ्य था जिसने सारे प्रतिभागियों को ओत-प्रोत कर दिया। उन्होंने बताया कि कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में प्रोफेसर डॉ. आर.यू. सिंह जी के नाम से एक लाइब्रेरी रैक है। ये एकलौते भारतीय हैं जिनके नाम पर विधि से सम्बंधित कैम्ब्रिज विश्विविद्यालय की लाइब्रेरी में एक नामतः रैक आज भी उपस्थित है।

इस प्रतियोगिता का आभार प्रदर्शन लखनऊ विश्वविद्यालय मूट कोर्ट एसोसिएशन की सदस्य स्वाति सिंह द्वारा किया गया।